(iii) बजट नियंत्रण अधिकारियों तथा महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के मध्य प्राप्तियों तथा व्यय का पुनर्मिलान : सभी नियंत्रक अधिकारियों को महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा लेखांकित आंकड़ों के साथ सरकार की प्राप्तियों और व्यय का पुनर्मिलान करना आवश्यक है। वर्ष के दौरान प्राप्तियां राशि ₹ 1,43,900.26 करोड़ (कुल प्राप्तियों का 98 *प्रतिशत*) तथा ₹ 1,88,639.25 करोड़ की व्यय राशि (कुल व्यय का 96 *प्रतिशत*) का पुनर्मिलान राज्य सरकार द्वारा किया गया है।

(iv) लघुशीर्ष 800–अन्य प्राप्तियां एवं 800–अन्य व्यय के तहत प्रविष्टि : जब लेखा में उपयुक्त लघु शीर्ष की व्यवस्था नहीं की गई हो केवल तभी लघुशीर्ष 800–अन्य व्यय/800–अन्य प्राप्तियों को संचालित किया जाना है। लघुशीर्ष 800 का सामान्य संचालन निरुत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह लेखा को अपारदर्शी बनाता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान लेखा के 69 मुख्यशीर्षों के तहत ₹ 34,251.39 करोड़ को लेखा में लघु शीर्ष 800–अन्य व्यय के तहत, जो कुल राजस्व तथा पूंजीगत व्यय (₹ 1,95,088.78 करोड़) का 17.56 *प्रतिशत* है, को दर्ज किये जाने का वर्गीकरण किया गया। लघुशीर्ष 800–अन्य व्यय के अन्तर्गत दर्ज किए गए सारभूत व्यय (50 *प्रतिशत* तथा अधिक) का विवरण **(अनुलग्नक–ग)** में दिया गया है। सदृश रूप से, लेखा के 50 मुख्यशीर्षों के अन्तर्गत ₹ 7,412.29 करोड़ को लेखा में लघुशीर्ष 800–अन्य प्राप्तियों के अन्तर्गत कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,46,376.79 करोड़) के 5.06 *प्रतिशत* दर्ज करने का वर्गीकरण किया गया। लघुशीर्ष 800 अन्य व्यय के तहत दर्ज किए गए सारभूत प्राप्तियों का विवरण **(अनुलग्नक–घ)** में दिया गया है।

(v) बिना सलाह के लेखा के नये उप–शीर्ष/विस्तृत शीर्ष खोलना : वर्ष 2020–21 के दौरान, मध्यप्रदेश सरकार ने महालेखाकार की सलाह के बिना, जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के प्रावधान के तहत अनिवार्य होता है, बजट में 13 नये उपशीर्ष (राजस्व अनुभाग के तहत 09 तथा पूंजी अनुभाग के तहत 04) खोले हैं। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2020–21 के दौरान इन शीर्षों के तहत बजट प्रावधान किया गया एवं राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹ 5,164.45 करोड़ तथा पूंजीगत अनुभाग के तहत ₹ 472.14 करोड़ का व्यय किया गया।

(vi) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.) खाते में निधि हस्तांतरण करना : व्यक्तिगत जमा खाते मुख्य शीर्ष 8443–सिविल जमा तथा लघु शीर्ष 106–व्यक्तिगत जमा के तहत, राज्य के समेकित निधि में व्यय शीर्ष नामे करके तथा व्यक्तिगत जमा क्रेडिट करके, अभिहित आहरण अधिकारियों को किसी योजना से संबंधित विशिष्ट उद्देश्यों के लिए व्यय करने में सक्षम बनाते हैं। मध्यप्रदेश कोषालय संहिता के नियम 543 के अनुसार, समेकित निधि को नामे कर और व्यक्तिगत जमा लेखाओं को क्रेडिट कर स्थानांतरित की गयी निधियों को वित्त वर्ष की समाप्ति के पूर्व समेकित निधि को वापस स्थानांतरित करना चाहिए तथा कोई ऐसी सम्भाविता उत्पन्न होती है तो आगामी वर्ष व्यक्तिगत जमा खाता पुनः खोला जा सकता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, ₹ 551.09 करोड़ की राशि इन पी.डी. खातों में राज्य की समेकित निधि से हस्तांतिरित की गई तथा ₹ 7,010.77 करोड़ की राशि चालानों के माध्यम से क्रेडिट की गई। इनमें राज्य की समेकित निधि से मार्च 2021 में हस्तांतरित की गई ₹ 243.09 करोड़ की राशि शामिल है। यह वर्ष के दौरान राज्य की समेकित निधि से, पी.डी. खातों में कुल क्रेडिट की गयी राशि का 44.11 *प्रतिशत* है, जिसमें से मार्च के अंतिम कार्य दिवस पर कोई राशि हस्तांतरित नहीं की गई।

मध्यप्रदेश कोषालय संहिता के 359 एवं 376 नियम के संबंध में, व्यक्तिगत जमा खाते का प्रशासक, राजकोष में उपलब्ध शेष का पुनर्मिलान तथा आवश्यक सत्यापन कर प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उसके पहले कोषालय अधिकारी को प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा। कोषालय अधिकारी, कोषालय अभिलेख से मिलान करके उक्त प्रमाण–पत्र का सत्यापन कर प्रत्येक वर्ष 31 मई तक महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को उक्त शेष के सत्यापन का प्रतिवेदन भेज देगा।

816 में से 71 व्यक्तिगत जमा खाते के प्रशासकों ने कोषालय आंकड़ों के साथ अपने शेषों का पुनर्मिलान कर सत्यापित किया तथा महालेखाकार कार्यालय को अग्रवर्ती प्रस्तुतिकरण हेतु 71 वार्षिक सत्यापन प्रमाण–पत्र कोषालय अधिकारी को प्रस्तुत किया गया।

31.03.2021 तक व्यक्तिगत जमा खातों का विवरण नीचे दिया गया है :–

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2020 को प्रारंभिक शेष		**2020–21 वर्ष के दौरान वृद्धि**		**2020–21 वर्ष के दौरान बंद/आहरण**		**31 मार्च 2021 को अंत शेष**	
प्रशासकों की संख्या	**राशि**	**प्रशासकों की संख्या**	**राशि**	**प्रशासकों की संख्या**	**राशि**	**प्रशासकों की संख्या**	**राशि**
801	6,268.70	23	7,561.86	08	8,867.97	816	4,962.59

मध्यप्रदेश कोषालय संहिता यह बताता है कि प्रशासक उस योजना/परियोजना का विस्तृत लेखा–जोखा रखेगा जिनके लिए व्यक्तिगत खाता खोला गया है। हालांकि, यदि कोई पी.डी. खाता तीन वर्षों की अवधि के लिए संचालित नहीं होता है तथा यह मानने का पर्याप्त कारण उपलब्ध होता है कि

ऐसे जमा खातों की आवश्यकता समाप्त हो गई है, तो उसे बन्द कर दिया जाएगा। ₹ 82.66 करोड़ की शेष राशि वाले 216 ऑपरेटरों के पी.डी. खाते तीन वर्ष से अधिक समय से अप्रवर्तनशील पड़े हैं।

(vii) सहायता अनुदान हेतु बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) : मध्यप्रदेश वित्तीय संहिता के नियम 179 एवं 182 के संबंध में, अनुदानग्राही द्वारा प्राप्त अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) अनुदान प्राप्तकर्ता द्वारा उस प्राधिकारी को प्रत्येक वर्ष 01 जून या उससे पहले प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जिसने इसे अनुदान की प्राप्ति की तिथि से या उससे पहले उसी वस्तु पर आगे अनुदान के लिए आवेदन करने से पहले, जो भी पहले हो, को स्वीकृत किया है। उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) प्रस्तुत नहीं करने की सीमा तक, इस बात का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता कि वित्तीय लेखों में दर्शायी गई राशि लाभार्थियों तक पहुंच गई थी और इस प्रकार व्यय को सही या अंतिम के रूप में प्रमाणित नहीं किया जा सकता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, मार्च 2021 तक की अवधि तक, बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) से संबंधित किसी भी राशि का भुगतान नहीं किया गया। आई.एफ.एम.आई.एस. में प्रमाणकों के समर्थन में दस्तावेज अपलोड नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण सशर्त एवं बिना शर्त अनुदानों की पहचान संभव नहीं है। अतः सभी सहायता अनुदानों को वर्ष 2019–20 में बिना शर्त वाले अनुदान के रूप में दर्ज किया गया जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2020–21 में शून्य वृद्धि हुई। दिनांक 31.03.2021 तक बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) की स्थिति निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

बकाया वर्ष*	बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्रों की संख्या	राशि
2018–19 तक	19586	14,135.01
2019–20	18	1,406.31
2020–21	निरंक	निरंक
योग	**19604**	**15,541.32**

बकाया उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रेषित किये जाने में मुख्यतः चूक करने वाले विभाग है – पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग (₹ 8,711.00 करोड़, 56.05 *प्रतिशत*), खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग (₹ 2,186.80 करोड़, 14.07 *प्रतिशत*), सामाजिक कल्याण एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग (₹ 748.03 करोड़, 4.81 *प्रतिशत*), किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग (₹ 439.99 करोड़, 2.83 *प्रतिशत*)। विभागों के लंबित उपयोगिता प्रमाण–पत्र (यू.सी.) के आयु विश्लेषण **(अनुलग्नक–ङ)** में दर्शाए गए हैं।

(viii) सेवानिवृत्ति लाभों के प्रति देनदारियां : 01 जनवरी 2005 को या उससे पहले भर्ती किए गए राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए वर्ष के दौरान 'पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ' पर व्यय ₹ 13,055.95 करोड़ था (अधिकारियों/कर्मचारियों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर व्यय को छोड़कर)।

(ix) ब्याज समायोजन : सरकार, श्रेणी ञ–आरक्षित निधि (क–ब्याज वाली आरक्षित निधियां) एवं ट–जमा तथा अग्रिम (क–ब्याज वाली जमा) के तहत शेष से संबंधित भुगतान/ब्याज समायोजित करने के लिए उत्तरदायी है, और इस प्रयोजन के लिए लेखा के मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची में विशिष्ट उप–मुख्य शीर्ष प्रदान किए गए हैं।

वर्ष 2020–21 के दौरान सरकार द्वारा भुगतान की गई इन निधियों/जमाओं एवं ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

निधि/जमा	01 अप्रैल 2020 को शेष	ब्याज के परिकलन हेतु आधार	देय ब्याज	भुगतान किया गया ब्याज
सरकारी कर्मचारियों के लिए निर्धारित अंशदायी पेंशन स्कीम	20.39	सामान्य भविष्य निधि को देय/सरकार द्वारा अधिसूचित ब्याज की दर के अनुसार परिकलित ब्याज (7.1%)	1.45	निरंक
राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण जमा	9.23	6 *प्रतिशत* की दर से परिकलित ब्याज, वर्ष 2020–21 के दौरान उधारी लागत के कंजर्वेटिव प्राक्कलन पर ध्यान देते हुए	0.02	7.74
राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि	5,199.92	पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रलाय के पत्र दिनांक 16.03.2021 के अनुसार 3.4 *प्रतिशत* की दर पर निकाला गया ब्याज	176.79	0.17
		कुल	178.26	7.91
		निवल बकाया ब्याज	170.35	

ब्याज का भुगतान न करने/कम भुगतान करने के परिणामस्वरूप ₹ 170.35 करोड़ से राजस्व एवं राजकोषीय घाटे को कम करके पैरा–8 में दिखाया गया है।

(x) निवेश : वित्त लेखों के विवरण पत्रक 8 और 19 में प्रदर्शित होने वाले सरकारी निवेश की जानकारी महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा प्राप्त लेखों और स्वीकृतियों पर आधारित है, किन्तु संबंधित विभागों (वित्त समेत) तथा निवेशिती इकाई द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। सरकार ने वर्ष 2020–21 में ₹ 2,718.34 करोड़ का निवेश किया। वर्ष 2020–21 के दौरान ₹ 39,091.86 करोड़ के सरकारी निवेश से 31 मार्च 2021 तक ₹ 288.44 करोड़ (0.74%) का लाभांश/ब्याज प्राप्त हुआ। 31 मार्च 2021 तक का सरकारी निवेश का विवरण नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

श्रेणी	इकाईयों की संख्या	वर्ष के अंत तक निवेश
सांविधिक निगम	35	10,892.35
सरकारी कंपनी	44	26,544.84
अन्य संयुक्त स्टॉक कम्पनी एवं भागीदारी	24	1.31
सहकारी बैंक एवं समिति	130	1,653.36
योग	**233**	**39,091.86**

(xi) सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियां : मध्यप्रदेश सरकार प्रत्याभूतियां अधिनियम 2005 के अनुसार, किसी भी वर्ष के अप्रैल के पहले दिन को कुल बकाया सरकारी प्रत्याभूतियां, पूर्ववर्ती वर्ष/पिछले वर्ष की राज्य राजस्व प्राप्तियों के 80 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होगी। 01 अप्रैल 2021 को ₹ 37,010.36 करोड़ की बकाया प्रत्याभूतियां, वर्ष 2019–20 के राज्य राजस्व प्राप्तियों (₹ 1,47,643.35 करोड़) की 25.07 *प्रतिशत* है एवं निर्धारित सीमा के अंदर है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, राज्य सरकार को प्रत्याभूति कमीशन अथवा शुल्क के रूप में ₹ 26.59 करोड़ प्राप्त हुए, जो वर्ष 2020–21 के दौरान (₹ 54,464.01 करोड़) की प्रत्याभूतित राशि का 0.05 *प्रतिशत* था। मध्यप्रदेश सरकार के वित्त विभाग के दिनांक 06.01.2010 की अधिसूचना के अनुसार, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों के एवज में एकमुश्त प्राप्त प्रत्याभूति शुल्क जो कि ₹ 64.54 करोड़ है की वसूली हेतु विभिन्न दरें[1] निर्दिष्ट की गयी हैं। प्रत्याभूतियों का क्षेत्रवार विवरण **(अनुलग्नक–च)** में दिया गया है।

(xii) पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्यय : राष्ट्रीय पर्यावरण नीति, 2006 सभी विकासात्मक गतिविधियों में पर्यावरण संबंधी चिंताओं को विशेष रूप से शामिल करती है। 'पर्यावरण', 'अपशिष्ट प्रबंधन', 'प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण', 'पर्यावरण अनुसंधान और शिक्षा', 'पर्यावरण संरक्षण' आदि से संबंधित बजट तथा व्यय संबंधित आंकड़े राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रमाणकों/बजट दस्तावेजों आदि से संकलित किए जाते हैं।

राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण पर किए गए व्यय को लेखा के विभिन्न कार्यात्मक शीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष के स्तर तक वित्त लेखे में दर्शाया जाता है। वर्ष 2020–21 के दौरान, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ₹ 41.37 करोड़ के बजट आवंटन के विरुद्ध अनुदान 57–पर्यावरण के मुख्यशीर्ष 2215, 2217 एवं 4217 पर ₹ 41.02 करोड़ का व्यय किया गया। वर्ष 2020–21 के दौरान, किया गया व्यय ₹ 41.02 करोड़ था, जो कि राजस्व व्यय का 0.02 *प्रतिशत* है। बजट आवंटन एवं व्यय का मुख्य शीर्षवार विवरण **(अनुलग्नक–छ)** में दिया गया है।

(xiii) पांच वर्षों और उससे अधिक अवधि की अपूर्ण परियोजनाएं : राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी अनुसार जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 5 अपूर्ण परियोजनाएं हैं, जो कि पांच वर्ष और उससे अधिक समय की है। लागत में वृद्धि तथा संशोधित लागत के साथ अपूर्ण परियोजनाओं का विवरण **(अनुलग्नक–ज)** में दिया गया है।

(xiv) विभिन्न क्रियान्वयन संस्थाओं को निधि का हस्तांतरण : राज्य सरकार, केन्द्रीय क्षेत्रीय योजनाओं, केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं तथा राज्य आयोजनागत योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अनुदान के रूप में राज्य/जिला स्तर एजेंसी/स्वायत्त निकायों तथा प्राधिकारियों, समितियों, गैर–सरकारी संगठनों

---

[1] 1 वर्ष की अवधि के दौरान प्रत्याभूति की दर–1 प्रतिशत, 1 वर्ष से अधिक एवं 3 वर्ष तक 2.5 प्रतिशत, 3 वर्ष से अधिक एवं 5 वर्ष तक–4 प्रतिशत, 5 वर्ष से अधिक तथा 10 वर्ष तक–7.5 प्रतिशत, 10 वर्ष से अधिक–10 प्रतिशत

को निधि प्रदान करता है। वर्ष 2020–21 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वयन संस्थाओं को हस्तांतरित की गयी राशि की जानकारी प्रदान नहीं की गयी है। सरकारी लेखाओं के बाहर रखी, क्रियान्वयन संस्थाओं के लेखाओं में अव्ययित शेष की समग्र राशि आसानी से अभिनिश्चित करने योग्य नहीं है। अतः उस सीमा तक लेखे में परिलक्षित सरकारी व्यय अंतिम नहीं हैं।

(xv) केन्द्रीय ऋण को बट्टे खाते में डालना : तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के पश्चात वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 29 फरवरी 2012 के सभी आदेशों, की श्रृंखला द्वारा केन्द्रीय योजनागत एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के लिए 31 मार्च 2010 तक विभिन्न मंत्रालयों (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए ऋणों को छोड़कर) द्वारा राज्य सरकार को दिए गए ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया गया था। वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश की प्रभावी तिथि (31 मार्च 2010) से किए गए मूलधन और ब्याज की अधिक पुनर्भुगतान को समायोजित करने और वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले पुनर्भुगतान के विरुद्ध इसके कार्यान्वयन की अनुमति दी है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 31 मार्च 2012 की समाप्ति तक ₹ 49.85 करोड़ (मूलधन ₹ 24.35 करोड़ एवं ब्याज ₹ 25.50 करोड़) का अधिक पुनर्भुगतान किया गया था। जिसमें से, वित्त मंत्रालय ने अभी तक ₹ 25.78 करोड़ समायोजित किए हैं।

(xvi) 2020–21 के दौरान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आर.बी.आई. से प्राप्त अर्थोपाय अग्रिम : मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2020–21 के दौरान आर.बी.आई. से निरंक अर्थोपाय अग्रिम राशि प्राप्त की थी।

(xvii) प्रतिबद्ध देनदारियां : बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के संबंध में, प्रोद्भवन आधारित लेखांकन आधार की ओर बढ़ने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कुछ कार्रवाई करने हेतु पहल की गई है। हालांकि, जैसा कि पारगमन चरणों में होगा, लेखांकन के प्रोद्भवन आधारित प्रणाली में बदलाव के लिए, निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विवरण के रूप में अतिरिक्त जानकारी को नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में शामिल करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा प्रतिबद्ध देनदारियों के बारे में जानकारी दी जानी थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया तथा इसे परिशिष्ट–XII में दर्शाया गया है।

(xviii) ब्लॉक अनुदानों को छोड़कर केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं (सी.एस.एस.)/अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए.सी.ए.) का पुनर्गठन : योजना/गैर योजना के विलय के परिणामस्वरूप, जारी केन्द्रीय सहायता को अब केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत केन्द्रीय सहायता/शेयर के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

वर्ष 2020–21 में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत केन्द्रीय सहायता/शेयर की ओर लेखा महानियंत्रक (सी.जी.ए.) के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) में दर्शाए गए ₹ 19,293.92 करोड़ के विरुद्ध, आर.बी.आई., सी.ए.एस., नागपुर से निकासी ज्ञापन (क्लियरेंस

मेमो) तथा संबंधित मंत्रालयों से समर्थन स्वीकृति ₹ 19,266.83 करोड़ की राशि के आदेश प्राप्त हुए थे (केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के माध्यम से लाभार्थियों को प्रत्यक्ष हस्तांतरण को छोड़कर)। केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान के तहत राज्य सरकार के लेखे में इसे उचित रूप से मुख्यशीर्ष 1601 के अन्तर्गत दर्ज किया गया है। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के तहत दर्ज हुआ कुल व्यय ₹ 33,601.61 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 27,491.80 करोड़ तथा पूंजीगत व्यय ₹ 6,109.81 करोड़) है, जिसमें केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु केन्द्रीय सहायता तथा राज्यांश में से व्यय भी शामिल है।

(xix) राज्य में क्रियान्वयन संस्थाओं को केन्द्रीय योजना निधियों का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (राज्य बजट से बाहर उपलब्ध कराई गई निधि) : (i) सी.जी.ए. के पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2020–21 के दौरान राज्य में क्रियान्वयन संस्थाओं द्वारा ₹ 2,169.57 करोड़ प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुए। क्रियान्वयन संस्थाओं को प्रत्यक्ष हस्तांतरण, वर्ष 2019–20 की तुलना में 18.80 *प्रतिशत* से घटा (वर्ष 2019–20 में ₹ 2,671.99 करोड़ की तुलना में वर्ष 2020–21 में ₹ 2,169.57 करोड़)। विवरण परिशिष्ट–VI में उपलब्ध है।

(xx) ऑफ बजट देनदारियां : पन्द्रहवें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि सभी प्रतिबद्ध व्यय तथा विकासात्मक व्यय को वित्त के किसी अपारदर्शी/साधनों या ऑफ बजट का सहारा लिए बिना संवर्धित उधारी से पूरा किया जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा अपने बजट दस्तावेजों में ऑफ बजट का प्रकटीकरण नहीं किया जा रहा है।

(xxi) अनाधिकृत लेखा शीर्षों का संचालन : सरकारी लेखाकरण नियम (जी.ए.आर.) 1990 के नियम 26(घ) के अनुसार, सरकारी लेखाओं में लेखा शीर्षों का वर्गीकरण, संघ एवं राज्यों के मुख्य तथा लघु शीर्षों की सूची के अनुसार होना चाहिए।

वर्ष 2020–21 के दौरान राज्य सरकार द्वारा बजट दस्तावेजों में अनाधिकृत उप–मुख्यशीर्षों एवं लघु शीर्षों का संचालन किया गया तथा इन लेखाशीर्षों के अंतर्गत ₹ 95.26 करोड़ का व्यय किया गया। विवरण निम्नानुसार है :–

(₹ करोड़ में)

मुख्यशीर्ष	अनाधिकृत उप मुख्यशीर्ष	अनाधिकृत लघु शीर्षों	राशि
2070–अन्य प्रशासनिक सेवाएं	–	104–सतर्कता	34.85
2810–नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा	01–जैविक ऊर्जा	–	1.47
2810– नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा	02–सौर	–	50.00
2810– नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा	60–अन्य	–	8.94
		कुल	**95.26**

4. आकस्मिकता निधि : भारतीय संविधान के अनुच्छेद 267(2) एवं आकस्मिकता निधि अधिनियम 1957 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निधि की अभिरक्षा, उससे धनों

के भुगतान और उसमें से धनों के आहरण से संबंधित या इन सब बातों में सहायक समस्त विषयों का नियमन करने हेतु मध्यप्रदेश आकस्मिकता निधि नियम, 1957 बनाये गये। मध्यप्रदेश राज्य की आकस्मिकता निधि में ₹ 500 करोड़ का कोष है। वित्त वर्ष 2020–21 के अंत में आकस्मिकता निधि की प्रतिपूर्ति के लिए कोई राशि शेष नहीं है। 31 मार्च 2021 को आकस्मिकता निधि में ₹ 500 करोड़ शेष है।

5. लोक लेखा :

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली : 01 जनवरी 2005 को या उसके बाद में भर्ती हुए राज्य सरकार के कर्मचारी, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.), के अंतर्गत आते हैं, जो कि एक निर्धारित अंशदायी पेंशन योजना है। योजना के संदर्भ में, कर्मचारी अपने मूल वेतन तथा मंहगाई भत्ते का 10 *प्रतिशत* योगदान करता है तथा राज्य सरकार द्वारा मूल वेतन तथा मंहगाई भत्ते का 10 *प्रतिशत* योगदान किया जाता है तथा नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से पूर्ण राशि मनोनीत निधि प्रबंधक को हस्तांतरित की जाती है। यद्यपि मध्यप्रदेश सरकार ने अपने पत्र दिनांक 12.02.2020 के माध्यम से अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों के लिए कर्मचारी अंशदान को बढ़ाकर 14 *प्रतिशत* कर दिया है जो कि भारत सरकार के आदेश दिनांक 29.01.2019 के अनुपालन में दिनांक 01.04.2019 से लागू किया गया है।

वर्ष 2020–21 के दौरान निर्धारित अंशदायी पेंशन योजना को कुल योगदान ₹ 3,131.15 करोड़ था (कर्मचारी योगदान ₹ 1,516.40 करोड़ तथा सरकारी योगदान ₹ 1,614.75 करोड़)। सरकार ने संपूर्ण राशि को मुख्यशीर्ष 0071 के तहत लघुशीर्ष 500–'अंतरण के लिए प्रतीक्षित प्राप्तियों' को हस्तांतरित कर दिया है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, ₹ 3,116.94 करोड़ एन.एस.डी.एल./ट्रस्टी बैंक को हस्तांतरित किया गया। ₹ 14.21 करोड़ की शेष राशि एन.एस.डी.एल. में अभी भी हस्तांतरित की जानी है जिसके कारण राजस्व एवं राजकोषीय धाटा, ₹ 14.21 करोड़ से कम करके दिखाया गया है। असंग्रहित, बेमेल तथा अहस्तांतरित राशि, प्रोद्भूत ब्याज के साथ, योजना के तहत सरकार की बकाया देनदारियों का प्रतिनिधित्व करती है।

(ii) आरक्षित निधियां : आरक्षित निधियों का विवरण वित्त लेखे के विवरण पत्रक 21 तथा 22 में है। विशिष्ट प्रयोजनों हेतु उदयिष्ट 15 सक्रिय आरक्षित निधियां हैं। इन निधियों में 31 मार्च 2021 के अंत तक कुल संचित शेष ₹ 16,742.34 करोड़ था, जिसमें से ब्याज सहित आरक्षित निधियां के तहत ₹ 5,684.40 करोड़ तथा बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियों के तहत ₹ 11,057.94 करोड़ था।

(क) ब्याज वाली आरक्षित निधियां

(क) राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.) : राज्य आपदा मोचन निधि के गठन तथा प्रचालन पर दिशा–निर्देशों के संदर्भ में (मुख्यशीर्ष '8121 सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियाँ' के अंतर्गत जो कि ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत है) केन्द्र तथा राज्य सरकार को 75 : 25 के अनुपात में निधि का योगदान करने की आवश्यकता है। वर्ष 2020–21 के दौरान, राज्य सरकार को केन्द्र सरकार के योगदान के रूप में ₹ 1,820.00 करोड़ प्राप्त हुए। राज्य सरकार का योगदान वर्ष के दौरान ₹ 607.00 करोड़ है। राज्य सरकार द्वारा मुख्य शीर्ष 8121–122–राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.) के अंतर्गत ₹ 2,427.00 करोड़ (केन्द्रांश ₹ 1,820.00 करोड़ एवं ₹ 607.00 करोड़ राज्यांश) अंतरित किए गए। राज्य को केन्द्र सरकार से एन.डी.आर.एफ. की ओर से ₹ 1,891.79 करोड़ प्राप्त हुए।

निधि में योगदान, व्यय तथा शेष नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

01 अप्रैल 2020 को प्रारंभिक शेष	केन्द्र द्वारा योगदान	राज्य का शेयर	एन.डी. आर.एफ. के तहत प्राप्तियां	वर्ष के दौरान कुल प्राप्तियां	प्रदान की गई राशि (मु.शी. 2245–05)	निधि में शेष राशि	वर्ष के दौरान आर.बी.आई./ राज्य सरकार द्वारा किया गया निवेश
निरंक	1,820.00	607.00	1,891.79	4,318.79	3,833.39	485.40	निरंक

प्राकृतिक आपदा पर किया गया ₹ 3,833.39 करोड़ का संपूर्ण व्यय (मु.शी. 2245–05 तथा 2245–80), ₹ 4,318.79 करोड़ के निधि शेष से प्रदान किया गया। निधि के अंतर्गत पड़ा हुआ शेष 31 मार्च 2021 के अंत तक ₹ 485.40 करोड़ था।

(ख) राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि : पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्र. 5–1/2009–FC दिनांक 28 अप्रैल 2009 के द्वारा जारी निर्देशों एवं 2 जुलाई 2009 के दिशा निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकारों को उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त राशि तथा प्रतिकर वनरोपण, सहायक प्राकृतिक पुनरुत्थान, वनों के रक्षण और संरक्षण, अधोसंरचना विकास, वन्यजीव रक्षण एवं संरक्षण और अन्य संबंधित गतिविधियों एवं उससे संबंधित या आनुषंगिक मामलों के लिए एकत्र की गई राशि के उपयोग के लिए राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि कोष स्थापित करना आवश्यक है।

उपयोगकर्ता एजेंसियों से राज्य सरकारों को प्राप्त धनराशि राज्य के लोक लेखे में मुख्य शीर्ष 8336–सिविल जमा राशियों के अंतर्गत लघुशीर्ष स्तर पर लेखे में ब्याज धारित अनुभाग के तहत 'राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण जमा' में जमा किया जाना आवश्यक है। प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि अधिनियम, 2016 की धारा 3(4) के अनुसार, निधि के 90 *प्रतिशत* को मुख्यशीर्ष 8121–'सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां' में स्थानान्तरित किया जाना चाहिए तथा शेष 10 *प्रतिशत* को वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय कोष में जमा किया जाना चाहिए। बशर्ते कि, 10 *प्रतिशत* केंद्रांश मासिक आधार पर क्रेडिट किया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि इसे राष्ट्रीय निधि में हस्तांतरित किया जा सके।

8121–'सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधियों' के तहत 'राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि' एवं 8336–'सिविल जमा राशियों' के तहत 'राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण जमा' के तहत उपलब्ध शेष पर ब्याज की लागू दर वर्षानुवर्ष आधार पर केन्द्रीय सरकार द्वारा घोषित दर के अनुसार होगी।

वर्ष 2020–21 के दौरान, राज्य सरकार द्वारा राज्य प्रतिकरात्मक वनारोपण निधि (एस.सी.ए.एफ.) में कोई राशि जमा नहीं की गयी। वर्ष के दौरान राज्य सरकार ने कुल ब्याज ₹ 7.91 करोड़ (मु.शी. 8336–सिविल जमा के अन्तर्गत ₹ 7.74 करोड़ तथा मु.शी. 8121–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियों के अंतर्गत ₹ 0.17 करोड़) जमा किये। 31 मार्च 2021 को राज्य प्रतीकरात्मक वनरोपण निधि (एस.सी.ए.एफ.) में ₹ 5,199.00 करोड़ शेष था।

(ख) बिना ब्याज वाली आरक्षित निधियां :

(क) समेकित ऋण शोधन निधि : मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2020–21 में ऋण परिशोधन हेतु समेकित ऋण शोधन निधि स्थापित नहीं की है।

(ख) प्रत्याभूति विमोचन निधि : राज्य सरकार ने अधिसूचना दिनांक 27.01.2006 के अनुपालन में, जिसमें यह अनुबंध है कि राज्य सरकार प्रारंभ में न्यूनतम ₹ 3 करोड़ का योगदान करेगा, वर्ष 2006 में प्रत्याभूति विमोचन निधि का गठन किया है, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रबंधित किया जाता है। योजनानुसार, राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूति शुल्क के रूप में एकत्र की हुई राशि के साथ प्रत्याभूति शुल्क के बराबर की राशि का स्थानान्तरण इस निधि में किया जाएगा। इसके अलावा राज्य सरकार समय–समय पर कोई भी राशि इस निधि में हस्तांतरित कर सकती है।

31 मार्च 2021 तक निधि का कुल संचय ₹ 959.49 करोड़ था। ₹ 916.77 करोड़ की राशि करोड़ आर.बी.आई. द्वारा निवेश की गई है। विवरण नीचे दिया गया है :

(₹ करोड़ में)

01 अप्रैल 2020 को प्रारंभिक शेष	निधि में संवर्धन (योगदान व ब्याज)		निधि में से भुगतान	निधि में कुल शेष	वर्ष 2020–21 के दौरान आर.बी. आई. द्वारा निवेश की गई राशि	31 मार्च 2021 को अंत शेष
	अपेक्षित योगदान	वर्ष 2020–21 के दौरान वास्तविक आंकड़े				
408.79	4.06	550.70	निरंक	959.49	916.27	42.72

(ग) अप्रवर्तनशील आरक्षित निधियां : मध्यप्रदेश में कुल चार अप्रवर्तनशील आरक्षित निधियां हैं जिनका विवण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

क्र.स.	मुख्य शीर्ष	लघु शीर्ष	राशि
1.	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	103–कृषि प्रयोजनों के लिये विकास निधि	0.37
2.	8226–मूल्य ह्रास/नवीनीकरण आरक्षित निधि	102–सरकारी अवाणिज्यिक विभागों की मूल्य ह्रास आरक्षित निधि	4.64
3.	8223–अकाल राहत निधि	101–अकाल राहत निधि	5.93
4.	8235–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां	200–अन्य निधियां – म.प्र.आपदा राहत निधि	0.03

(iii) उचंत एवं प्रेषण शेष : वित्त लेखे, उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेषों को प्रतिबिंबित करते हैं। इन शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेषों को विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत बकाया नामे एवं जमा शेषों को पृथक–पृथक समेकित कर निकाला गया है। उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत विगत तीन वर्षों की सकल राशियों की स्थिति **(अनुलग्नक–ञ)** में दी गयी है।

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेषों का निराकरण नहीं किये जाने से राज्य सरकार के लेखों के विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत प्राप्ति तथा व्यय के आंकड़ों तथा शेषों (जिन शेषों को प्रतिवर्ष अग्रेषित किया जाता है) की स्थिति की शुद्धता प्रभावित होती है।

(iv) मुख्यशीर्ष 8670 चेक तथा बिल : मुख्यशीर्ष 8670 चेक और बिल के अंतर्गत जमा शेष ऐसे चेकों की ओर इंगित करता है जो जारी किये गये परन्तु भुनाये नहीं गये। 01 अप्रैल 2020 को प्रारंभिक शेष ₹ 493.13 करोड़ (जमा) था। वर्ष 2020–21 के दौरान, ₹ 1,47,540.53 करोड़ के चेक जारी किए गए, जिसके विरुद्ध वर्ष के दौरान ₹ 1,47,423.83 करोड़ का नकदीकरण किया गया, जिससे 31 मार्च 2021 तक ₹ 609.83 करोड़ (जमा) का अंत शेष रह गया। अंत शेष, विभिन्न वित्तीय वर्षों में विभिन्न कार्यात्मक मुख्य शीर्षों के अंतर्गत मूल रूप से दर्ज किए गए व्यय का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2021 तक मध्यप्रदेश सरकार को कोई नकद बहिर्गमन नहीं हुआ है।

(v) केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) : भारत सरकार, विशेष सड़क परियोजनाओं पर व्यय करने के लिए राज्य सरकार को (सी.आर.एफ.) के तहत वार्षिक अनुदान उपलब्ध कराती है। मौजूदा लेखांकन प्रक्रिया के संदर्भ में, मुख्य शीर्ष–1601–'सहायता अनुदान' के तहत राजस्व प्राप्तियों के रूप में अनुदानों को प्रारंभ में दर्ज किया जाता है। तत्पश्चात प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा राजस्व व्यय मुख्यशीर्ष 3054–'सड़क एवं पुल' के माध्यम से मुख्यशीर्ष–8449–'अन्य जमा' – 103–'केन्द्रीय सड़क निधि से सबवेंशन' के तहत लोक लेखा को हस्तांतरित किया जाता है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि अनुदान प्राप्ति, लेखा में राजस्व आधिक्य को अधिक करके या राजस्व घाटे को कम करके नहीं दर्शाता है। सी.आर.एफ. के अंतर्गत निर्धारित सड़क निर्माण पर व्यय प्रथमतः राजस्व व्यय अथवा पूंजीगत व्यय अनुभाग (मुख्य शीर्ष 5054 या 3054) के तहत दर्ज किया जाएगा। तत्पश्चात लोक लेखे में से उसकी प्रतिपूर्ति मु.शी.8449 के अंतर्गत एवं संबंधित मुख्यशीर्ष 5054 या 3054 जो भी संबंधित हो) में से व्यय को घटाकर की जायेगी।

वर्ष 2020–21 के दौरान राज्य सरकार को सी.आर.एफ. के लिए ₹ 535.15 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ जिसे राज्य सरकार ने जमा शीर्ष 8449–अन्य जमा–103–केन्द्रीय सड़क निधि से सबवेंशन को हस्तांतरित नहीं किया क्योंकि केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.), लोक लेखे के माध्यम से संचालित नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने वर्ष के दौरान ₹ 478.91 करोड़ का व्यय लोक लेखा के माध्यम से नहीं करते हुए मुख्यशीर्ष 5054 से प्रत्यक्ष रूप से किया अतएव केन्द्र सरकार द्वारा दिये गए अनुदान में

से ₹ 56.22 करोड़ की राशि खर्च हुए बिना शेष रह गयी जिससे राजस्व एवं राजकोषीय घाटा (पैरा 8 में) को कम करके दिखाया गया।

(vi) भवन एवं अन्य निर्माण कर्मचारी कल्याण उपकर : भारत सरकार ने उपकर उपार्जित तथा संग्रहीत करने हेतु 'भवन एवं अन्य निर्माण कर्मचारी कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) कर्मचारियों को लाभ प्रदान करने के लिए पारित किया। यह अधिनियम, अन्य बातों के साथ–साथ अधिनियम के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्रत्येक राज्य सरकार द्वारा एक भवन एवं अन्य निर्माण कर्मचारी कल्याण बोर्ड के गठन और उससे संबंधित नियमों को तैयार करना अनिवार्य बनाता है। तदनुसार, मध्यप्रदेश सरकार ने अधिनियम के तहत भवन एवं अन्य निर्माण कर्मचारी (रोजगार एवं सेवा शर्तों का नियमन), 2002 बनाया तथा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य से निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल का गठन किया है। श्रम उपकर के रूप में जमा हुई राशि के संचालन तथा अनुरक्षण के लिए मण्डल उत्तरदायी होता है।

अधिनियम के अनुसार उक्त मण्डल उचित लेखा एवं अन्य प्रासंगिक अभिलेख रखेगा तथा नियंत्रक महालेखापरीक्षक की सलाह पर निर्धारित किये गये प्रपत्र में एक वार्षिक लेखा तैयार करेगा। इस निधि को शासकीय लेखे से बाहर संधारित किया जाता है।

वर्ष 2020–21 के दौरान, ₹ 216.23 करोड़ की राशि मण्डल के खाते में ऑनलाइन सीधे जमा की गयी। 31 मार्च 2021 तक निधि में शेष राशि ₹ 3,233.73 करोड़ है।

(vii) ऊर्जा विकास उपकर : नियमानुसार गत वर्ष में संग्रहित उपकर, आगामी वर्ष की निधि में हस्तांतरित किये जाने चाहिये। वर्ष 2019–20 के दौरान ऊर्जा विकास उपकर के रूप में संग्रहीत ₹ 1,065.00 करोड़ को ऊर्जा विकास निधि में इस वर्ष हस्तांतरित किया गया। वर्ष 2020–21 के दौरान सरकार ने ऊर्जा विकास उपकर के रूप में ₹ 883.99 करोड़ संग्रहित किया।

(viii) प्रतिकूल शेष : वर्ष के दौरान लेखे में प्रदर्शित ऋणात्मक शेष नीचे दिये गये हैं। गलत वर्गीकरण के कारण ऋणात्मक शेष परिलक्षित हो रहे हैं, जो समीक्षा/सुधार के अधीन हैं :

(₹ करोड़ में)

मुख्यशीर्ष	मुख्यशीर्ष विवरण	ऋणात्मक शेष
8342–120	विविध जमा	96.41
8443–109	वन जमा	3.60
8443–111	अन्य विभागीय जमा	3.36

(ix) नकदी शेष : महालेखाकार के अभिलेख के अनुसार 31 मार्च 2021 को नकदी शेष ₹ 3,642.41 करोड़ (जमा) था तथा आर.बी.आई. द्वारा सूचित किया गया ₹ 3,584.24 करोड़ (नामे) था। ₹ 57.97 करोड़ (जमा) का निवल अंतर मुख्यतः एजेंसी बैंकों तथा कोषालय अधिकारियों के द्वारा लेन–देन की त्रुटिपूर्ण रिपोर्टिंग के कारण है। अंतर की राशि पुनर्मिलान के अधीन है।

गत वर्षों के नकद शेष में अंतर निम्नलिखित है :

(₹ करोड़ में)

वर्ष	नकदी शेष अंतर
2015–16	443.13 नामे
2016–17	364.93 नामे
2017–18	6.18 नामे
2018–19	1,360.71 जमा
2019–20	34.04 जमा
2020–21	57.97 जमा

6. भारत सरकार लेखांकन मानक (आई.जी.ए.एस.) के अनुसार प्रकटीकरण :

(क) आई.जी.ए.एस.1 सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियां : आई.जी.ए.एस.1 सुनिश्चित करता है कि राज्य सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों पर क्षेत्रवार तथा वर्गवार प्रकटीकरण को वित्त लेखे में समाविष्ट किया जाना चाहिए। विवरण पत्रक 9 तथा 20, राज्य सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियों का विवरण तथा प्रत्याभूतित राशि पर ब्याज दर्शाते हैं। यद्यपि क्षेत्रवार विवरण प्रकट किया गया है, वर्गवार विवरण राज्य के वित्त लेखे में समाविष्ट नहीं किया गया है।

आई.जी.एस.एस.1 के अनुसार तैयार हुए विवरण पत्रक 9 तथा 20 में दर्शायी गयी प्रत्याभूतियां राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर है।

(ख) आई.जी.ए.एस.2 सहायता अनुदान का लेखांकन तथा वर्गीकरण : आई.जी.ए.एस.2 के अनुसार, सहायता अनुदान से संबंधित व्यय, राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए भले ही उस व्यय को परिसंपत्तियों के सृजन हेतु किया गया हो, ऐसे मामलों को छोड़कर जिन्हें भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श पर राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट रूप से प्राधिकृत किया गया हो। राज्य सरकार द्वारा दी गई सहायता अनुदान के लेखांकन एवं वर्गीकरण से संबंधित आवश्यकताएं विवरण संख्या 10 तथा परिशिष्ट–III में दर्शायी गयी हैं जो आई.जी.ए.एस.2 की आवश्यकतानुसार तैयार किए जाते हैं। हालांकि, सहायता अनुदान के रूप में ₹ 333.00 करोड़ की राशि पूंजीगत शीर्ष के अंतर्गत दर्ज की गई, जो कि आई.जी.ए.एस.2 के प्रावधानों का उल्लंघन है। वस्तु रूप में सहायता अनुदान की विस्तृत जानकारी भी राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

(ग) आई.जी.ए.एस.3 सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिम : आई.जी.ए.एस.3 के अनुसार राज्य सरकारों एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिये गए ऋण एवं अग्रिम से संबंधित प्रकटीकरण की आवश्यकता है। वित्त लेखे के विवरण पत्रक 7 एवं 18 आई.जी.ए.एस.3 के तहत प्रकटीकरण को समाविष्ट करते हुए तैयार किया जाते हैं। वित्त लेखे के इन विवरणों पत्रकों में सूचित किए गए ऋणों तथा अग्रिम का ब्यौरा सरकारी सेवकों को दिए गए ऋण एवं अग्रिम के संबंध में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा अनुरक्षित विस्तृत लेखे तथा महालेखाकार को प्रस्तुत किए गए लेखों के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर हैं। 31 मार्च 2021 को विवरण पत्रक 7 एवं 18 में प्रदर्शित अंतशेष ऋणी इकाईयों/राज्य

सरकार के साथ पुनर्मिलान नहीं किए गए। राज्य सरकार ने भी उन ऋण तथा अग्रिम से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं, जिससे संबंधित विस्तृत लेखे राज्य सरकार द्वारा अनुरक्षित किये जाते हैं।

लेखे निम्नांकित जानकारियां इंगित करते हैं :

पुराने ऋणों के संबंध में (जिससे संबंधित विस्तृत लेखे का अनुरक्षण महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा किया जाता है) जिसमें 26 विभागों के अंतर्गत ₹ 582.50 करोड़ की राशि शामिल है, मूलधन तथा ब्याज की वसूली पिछले कई वर्षों के दौरान प्रभावी नहीं हुई है तथा ऐसे ऋण 10 वर्ष से अधिक समय के हैं। विभागों की सूची **(अनुलग्नक–ट)** में दी गई है।

राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2021 के अंत तक दो स्वायत्त निकायों/पी.एस.यू., प्राधिकारियों को समेकित रूप से ₹ 35,543.95 करोड़ के ऋण संस्वीकृत किए गए (₹ 465.98 करोड़, वर्ष 2020–21 के दौरान संस्वीकृत किए गए) हालांकि पिछले बकाया ऋण के संबंध में संबंधित ऋणी से कोई पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। संबंधित विवरण **(अनुलग्नक–ठ)** में उपलब्ध है। 'वर्ष के दौरान दिये गए नवीन ऋण तथा अग्रिम', निरंतर ऋण के रूप में स्वीकृत ऋण', 'शासन द्वारा दिये गए ऋण जिनकी अवधि एवं शर्तें अभी निश्चित होना है', शासन द्वारा वर्ष के दौरान ऋणी को दिए गए नवीन ऋण तथा अग्रिम, जिनसे पूर्व ऋणों का पुनर्भुगतान बकाया है' से संबंधित प्रकटीकरण राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुआ है।

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को ऋण शेषों (जहां महालेखाकार द्वारा विस्तृत लेखा अनुरक्षित किया जाता है) के बारे में सत्यापन एवं स्वीकृति हेतु वार्षिक रूप से सूचना अग्रेषित की जाती है। यद्यपि किसी ऋणी ने अंतशेषों की पुष्टि नहीं की है।

शेषों के पुनर्मिलान हेतु विभागीय/कोषालय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट–VII में उपलब्ध कराया गया है।

7. मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (म.प्र.रा.उ.ब.प्र.) अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्रकटीकरण : मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम 2005 के खण्ड–5 के अनुसार मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2020–21 के राज्य बजट के साथ, मध्यम अवधि राजकोषीय नीति एवं कार्यनीति विवरण प्रस्तुत किया गया। अधिनियम में दिये गये लक्ष्य और वर्ष 2020–21 में निष्पादन, जैसा कि लेखों में प्रदर्शित है, नीचे दर्शाया गया है :

क्र.सं.	लक्ष्य	लेखे एवं जी.एस.डी.पी. के अनुसार वर्ष के दौरान उपलब्धियां
1.	वर्ष 2020–21 के दौरान राजस्व घाटा 1.85 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा	वर्ष 2020–21 में मध्यप्रदेश सरकार का राजस्व घाटा ₹ 18,356.22 करोड़ (जी.एस.डी.पी. का 2 प्रतिशत) है।
2.	वर्ष 2020–21 के दौरान राजकोषीय घाटा 4.99 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।	लेखे के अनुसार वर्ष 2020–21 के दौरान राजकोषीय घाटा ₹ 49,869.30 करोड़ था जो जी.एस.डी.पी. का 5.44 प्रतिशत है।
3.	वर्ष 2020–21 के दौरान जी.एस.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में व्यक्त बकाया ऋण 28.83 प्रतिशत से कम होगा।	वर्ष 2020–21 में ₹ 2,84,756.31[1] करोड़ बकाया ऋण था जो जी.एस.डी.पी. का 31.03 प्रतिशत है।

[1] इस ऋण में ₹ 4,542.00 करोड़ शामिल नहीं है जो भारत सरकार के पत्र क्र. F.No.40(1)PF-S/2021-22 दिनांक 10.12.2021 के अनुसार 'जी.एस.टी.' शॉर्टफाल के बदले में बैक टू बैक ऋण के रूप में दिया गया है।

₹ 49,869.30 करोड़ के राजकोषीय घाटे को (i) आंतरिक ऋण (बाजार से उधार, वित्तीय संस्थान से ऋण आदि) ₹ 42,926.46 करोड़, (ii) केन्द्र सरकार द्वारा ऋण तथा अग्रिम ₹ 9,486.74 करोड़, (iii) लघु बचत, भविष्य निधि आदि ₹ 860.35 करोड़, (iv) ₹ 1,523.94 करोड़ जमा और अग्रिम, (v) निरंक आकस्मिकता निधि, (vi) ₹ 3,929.32 करोड़ ऋण शोधन निधि एवं आरक्षित निधि, (vii) (–) ₹ 8,879.71 करोड़ उचंत एवं विविध, (viii) ₹ 1,003.26 करोड़ प्रेषण (ix) रोकड़ शेष ₹ (–) 981.07 करोड़ के माध्यम से वित्त पोषित किया गया। वर्ष 2020–21 के लिए मध्यप्रदेश का जी. एस.डी.पी. (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार ₹ 9,17,555.09 करोड़ हैं। बकाया ऋण में सभी ऋण और देनदारियां शामिल हैं।

एफ.आर.बी.एम. अधिनियम एवं नियमावली द्वारा अनुबंधित समय–सीमा में वर्ष 2020–21 हेतु बजट की प्रस्तुति के समय राज्य सरकार द्वारा विधान मंडल में लक्ष्य और उपलब्धि की स्थिति को प्रकट किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में,

(i) लेखांकन मानकों, नीतियों और प्रथाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर कोई प्रकटीकरण नहीं किया गया है, जो निर्धारित राजकोषीय संकेतक की अनुपालना को प्रभावित करने की संभावना को प्रभावित करते हैं, और

(ii) मुख्य निर्माण एवं अनुबंधों, प्रतिबद्ध देनदारियों, निर्माण और आपूर्ति पर अप्रदत्त बिलों के संबंध में दावों, परिसंपत्तियों का विवरण और सरकारी देनदारियों पर भारित औसत ब्याज दरों के संबंध में कोई प्रकटीकरण नहीं किया गया है।

8. राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे पर प्रभाव : मध्यप्रदेश सरकार के राजस्व घाटे और राजकोषीय घाटे पर प्रभाव जैसा कि पूर्ववर्ती पैराओं में प्रदर्शित है, नीचे सारणीबद्ध किया गया है :

(₹ करोड़ में)

पैरा सं.	मद (उदाहरण)	राजस्व घाटे पर प्रभाव		राजकोषीय घाटे पर प्रभाव	
3(ii)	राजस्व और पूंजीगत के मध्य गलत वर्गीकरण	निरंक	1,239.13	निरंक	निरंक
3(ix)	आरक्षित निधियों तथा ब्याज वाली जमा पर ब्याज का भुगतान नहीं किया गया	निरंक	170.35	निरंक	170.35
5(i)	एन.पी.एस. के अंशदान का एन.एस.डी. एल. को कम हस्तांतरण	निरंक	14.21	निरंक	14.21
5(v)	लोक लेखे में केन्द्रीय सड़क निधि के केन्द्रीय अनुदान का गैर–हस्तांतरण	निरंक	56.22	निरंक	56.22
	योग (निवल) प्रभाव	**न्यूनोक्ति**	**1,479.91**	**न्यूनोक्ति**	**240.78**

अनुलग्नक क

(संदर्भ : कंडिका 1 की उप कंडिका (ii))

आवधिक/अन्य समायोजन का विवरण पत्रक

(₹ करोड़ में)

आवधिक समायोजन	लेखा शीर्ष		राशि	अभ्युक्ति
	से	को		
राज्य आपदा विमोचन निधि का संवर्धन	2245–प्राकृतिक आपदा के कारण राहत	8121–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां	4,318.79	राज्य शासन से प्राप्त संस्वीकृतियों के अनुसार भारत शासन से प्राप्त सहायता अनुदान एवं राज्य शासन का हिस्सा अंतरित किया गया।
प्राकृतिक आपदा के कारण राहत खर्च में कमी करने के लिए	8121–सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि	2245–प्राकृतिक आपदा के कारण राहत	3,833.39	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
विद्युत विकास निधि का संवर्धन	2045–वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	1,065.00	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
खदान कल्याण निधि का संवर्धन	2853–अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	719.44	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
खदान कल्याण निधि से खर्च में कमी करने के लिए	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	2853–अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग	13.37	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
खदान कल्याण निधि से खर्च में कमी करने के लिए	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	4853–अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय	0.78	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
म.प्र. शहरी परिवहन अधोसंरचना विकास निधि का संवर्धन	2045–वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	307.58	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
परिवहन अधोसंरचना विकास निधि का संवर्धन	2045–वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	683.78	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
म.प्र. स्टाम्प शुल्क प्रभार निधि का संवर्धन	2030–स्टाम्प तथा पंजीकरण	8229–विकास तथा कल्याण निधियां	600.00	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
गारंटी मोचन निधि का संवर्धन	2075–विविध सामान्य सेवाएं	8235–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां	42.72	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
सड़क सुरक्षा निधि का संवर्धन	2055–पुलिस	8235–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां	40.00	राज्य सरकार से प्राप्त संस्वीकृति के अनुसार राशि स्थानान्तरित
व्यक्तिगत जमा खातों (पी.डी.) को हस्तांतरण (₹ 10.00 करोड़ से अधिक)	2852–उद्योग	8443–सिविल जमा 106–व्यक्तिगत जमा	300.00	राज्य सरकार से प्राप्त प्रमाणकों के आधार पर दर्ज की गई राशि
	6856–पेट्रोकेमिकल उद्योगों को ऋण	8443–सिविल जमा 106–व्यक्तिगत जमा	250.00	राज्य सरकार से प्राप्त प्रमाणकों के आधार पर दर्ज की गई राशि
		योग	**550.00**	
व्यक्तिगत जमा खातों (पी.डी.) को हस्तांतरण (₹ 10.00 करोड़ से कम)	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय	8443–सिविल जमा 106–व्यक्तिगत जमा	1.09	राज्य सरकार से प्राप्त प्रमाणकों के आधार पर दर्ज की गई राशि
		योग	**551.09**	

अनुलग्नक–ख

(संदर्भ : कंडिका 3 की उप कंडिका (ii))

राजस्व एवं पूंजीगत व्यय के मध्य वर्गीकरण

राजस्व व्यय के रूप में त्रुटिपूर्ण दर्ज की गई राशियां

(₹ करोड़ में)

उद्देश्य शीर्ष	राशि
63–मशीनरी	78.91
64–मुख्य निर्माण कार्य	0.61
योग	**79.52**

पूंजीगत व्यय के रूप त्रुटिपूर्ण दर्ज की गई राशियां

(₹ करोड़ में)

उद्देश्य शीर्ष	राशि
11– वेतन	225.60
12– मजदूरी	602.35
21– यात्रा भत्ता	1.27
22– कार्यालय व्यय	14.28
24– परीक्षा एवं प्रशिक्षण	8.07
31– व्यवसायी सेवाओं के लिए भुगतान	28.01
33– रखरखाव	71.71
35– विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार	3.29
42– सहायता अनुदान	250.27
43– अंशदान	6.10
44– राज सहायता	24.00
45– पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिये सहायता अनुदान	82.73
53– डिक्री धन का भुगतान	0.97
योग	**1,318.65**

निवल राशि : ₹ 1,239.13 करोड़

अनुलग्नक – ग

(संदर्भ : कंडिका 3 की उप कंडिका (iv))

लघु शीर्ष 800 – अन्य व्यय के अन्तर्गत दर्ज मुख्यशीर्षवार व्यय का विवरण पत्रक

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष		मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल व्यय	लघु शीर्ष 800 – अन्य व्यय के अंतर्गत व्यय	प्रतिशत
2250	अन्य सामाजिक सेवाएं	39.37	39.37	100.00
2852	उद्योग	307.13	307.13	100.00
4070	अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	9.99	9.99	100.00
4408	खाद्य भण्डारण तथा भांडागार पर पूंजीगत परिव्यय	0.20	0.20	100.00
5055	सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय	2.65	2.65	100.00
5475	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय	0.47	0.47	100.00
2702	लघु सिंचाई	144.56	141.29	97.74
4701	मध्यम सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	1,174.96	1,139.61	96.99
4700	मुख्य सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	8,360.86	7,946.68	95.05
5053	नागर विमानन एवं पूंजीगत परिव्यय	66.17	60.17	90.93
2705	कमान क्षेत्र विकास	8.58	7.64	89.04
4705	कमान क्षेत्र विकास पर पूंजीगत परिव्यय	5.17	4.45	86.07
4515	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय	3,782.09	3,190.79	84.37
4711	बाढ नियंत्रण परियोजना पर पूंजीगत परिव्यय	1.26	1.04	82.54
4875	अन्य उद्योगों पर पूंजीगत परिव्यय	328.20	233.20	71.05
2217	शहरी विकास	5,588.45	3,603.74	64.49
2245	प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत	4,944.37	3,105.55	62.81
2029	भू–राजस्व	2,436.27	1,490.00	61.16
2851	ग्राम और लघु उद्योग	465.19	279.39	60.06
2204	खेलकूद तथा युवा सेवाएं	137.26	78.22	56.99
4403	पशुपालन पर पूंजीगत परिव्यय	7.65	4.04	52.81
4406	वानिकी तथा वन्य जीव पर पूंजीगत परिव्यय	916.58	465.89	50.83
	अन्य मुख्यशीर्ष जिनका *प्रतिशत* 50 *प्रतिशत* से कम है	1,66,361.35	12,139.88	7.30
	योग	**1,95,088.78**	**34,251.39**	**17.56**

अनुलग्नक–घ

(संदर्भ : कंडिका 3 की उप कंडिका (iv))

लघु शीर्ष 800 – अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत दर्ज मुख्यशीर्षवार प्राप्तियों का विवरण पत्रक

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष		मुख्य शीर्ष के अंतर्गत कुल प्राप्तियाँ	लघु शीर्ष 800 – अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत प्राप्तियाँ	प्रतिशत
0801	विद्युत	11.35	11.35	100.00
0059	लोक निर्माण कार्य	107.97	107.82	99.86
0702	लघु सिंचाई	231.30	228.90	98.96
0220	सूचना तथा प्रचार	0.55	0.54	98.18
0852	उद्योग	0.40	0.39	97.50
0217	शहरी विकास	21.50	20.66	96.09
0435	अन्य कृषि कार्यक्रम	4.21	4.01	95.25
0235	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	29.09	27.51	94.57
0408	खाद्य भंडारण तथा भांडागार	0.06	0.05	83.33
0202	शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति	1,382.51	965.22	69.82
0029	भू–राजस्व	503.70	343.25	68.15
0700	मुख्य सिंचाई	41.92	24.11	57.51
0401	फसल कृषि–कर्म	32.44	18.41	56.75
0070	अन्य प्रशासनिक सेवाएं	173.18	94.73	54.70
0403	पशुपालन	2.29	1.23	53.71
0515	अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	4.90	2.48	50.61
	50 *प्रतिशत* से कम *प्रतिशत* वाले अन्य मुख्य शीर्ष	1,43,829.42	5,561.63	3.87
	योग	**1,46,376.79**	**7,412.29**	**5.06**

अनुलग्नक–ङ

(संदर्भ : कंडिका 3 की उप कंडिका (vii))

उपयोगिता प्रमाण–पत्रों का आयु विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विभाग का नाम	मुख्यशीर्ष	वर्ष				कुल राशि	प्रतिशत
			2016–17 तक	2017–18	2018–19	2019–20		
1.	पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	3604	8,711	--	--	--	8,711.00	56.05
2.	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग	2408	4,795.82	(-) 218.55	(-) 2,390.47	--	2,186.80	14.07
3.	सामाजिक कल्याण एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग	2235	748.03	--	--	--	748.03	4.81
4.	किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग	2401	439.99	--	--	--	439.99	2.83

अनुलग्नक–च

(संदर्भ : कंडिका 3 की उप कंडिका (xi))

प्रत्याभूति शुल्क का विवरण

(₹ करोड़ में)

स.क्र.	विभाग	प्रत्याभूति शुल्क	
		प्राप्य	**प्राप्त**
1.	विद्युत	52.46	26.59
2.	सहकारिता	0.00	0.00
3.	वित्त	1.50	0.00
4.	नगरीय विकास एवं आवास	10.45	0.00
5.	अन्य	0.13	0.00
	योग	**64.54**	**26.59**

अनुलग्नक–छ

(संदर्भ : कंडिका 3(xii))

पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण पर व्यय

(₹ करोड़ में)

स.क्र.	मुख्यशीर्ष	उप मुख्यशीर्ष	लघुशीर्ष	2020–21 के दौरान किया गया व्यय	बजट प्रावधान	खर्च का बजट प्रावधान से प्रतिशत
1.	2215	02	106	6.00	6.30	95
2.	2215	02	800	1.35	1.35	100
3.	2217	05	191	33.45	33.45	100
4.	4217	01	051	0.22	0.27	81
			योग	**41.02**	**41.37**	**99**

अनुलग्नक–ज

(संदर्भ : कंडिका 3 (xiii))

पांच वर्ष और ज्यादा अवधि से अपूर्ण परियोनाओं को दर्शाने वाला विवरण पत्रक

(₹ करोड़ में)

स.क्र.	परियोजना/निर्माण कार्य का नाम	निर्माण कार्य की अनुमानित लागत	संशोधित लागत	लागत में वृद्धि
जल संसाधन विभाग				
1.	बांणसागर परियोजना, शहडोल के अंतर्गत, मझगवाँ शाखा नहर/रीवा जिले का निर्माण कार्य	135.84	--	--
2.	ओंकारेश्वर नहर परियोजना, तृतीय चरण आर.डी. 68.62 से 162.95 कि.मी., मनावर	310.20	--	--
3.	ओंकारेश्वर नहर परियोजना, चतुर्थ चरण संख्या आर.डी. 51.281 से 123.475 कि.मी., मनावर	349.30	--	--
4.	बरगी डायवर्जन (पथांतरण) परियोजना, कटनी	799.00	--	--
5.	मुख्य नहर बरगी डायवर्जन (पथांतरण) परियोजना, सतना के शाखा नहर नागौद (सतना) आर.डी. 55.60 से 83.00 कि.मी. के टर्नकी आधार पर सम्पूर्ण वितरण प्रणाली सहित निर्माण कार्य	126.00	--	--

अनुलग्नक–झ

(संदर्भ : कंडिका 5(iii))

उचंत एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत शेषों का विवरण

(₹ करोड़ में)

मुख्य / लघु शीर्ष	2018-19		2019-20		2020-21	
	जमा	नामे	जमा	नामे	जमा	नामे
8658– उचंत लेखा						
101– वेतन तथा लेखा कार्यालय उचंत	118.53	112.16	47.70	48.60	93.49	394.24
निवल	**जमा 6.37**		**नामे 0.90**		**नामे 300.75**	
102–उचंत लेखा (सिविल)	0.64	0.83	0.01	0.19	0.01	0.19
निवल	**नामे 0.19**		**नामे 0.18**		**नामे 0.18**	
107– नकद परिनिर्धारण उचंत लेखा	28.05	141.60	28.05	141.60	28.05	141.60
निवल	**नामे 113.55**		**नामे 113.55**		**नामे 113.55**	
110– रिजर्व बैंक उचंत – केन्द्रीय लेखा कार्यालय	13.87	719.31	3.82	1,810.57	4.59	1,365.14
निवल	**नामे 705.44**		**नामे 1,806.75**		**नामे 1,360.55**	
112–स्त्रोत पर कर कटौती (टी.डी.एस.) उचंत	401.51	निरंक	177.45	निरंक	233.26	(-) 297.06
निवल	**जमा 401.51**		**जमा 177.45**		**जमा 530.32**	
113– भविष्य निधि उचंत	निरंक	14.56	निरंक	14.55	निरंक	12.40
निवल	**नामे 14.56**		**नामे 14.55**		**नामे 12.40**	
123–अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की समूह बीमा योजना	13.22	2.70	13.88	3.06	14.57	3.69
निवल	**जमा 10.52**		**जमा 10.82**		**जमा 10.88**	
129– सामग्री क्रय परि– निर्धारण उचंत लेखे	223.11	36.10	223.11	36.10	223.11	36.10
निवल	**जमा 187.01**		**जमा 187.01**		**जमा 187.01**	
139–जी.एस.टी.–स्त्रोत पर कर कटौती उचंत	निरंक	निरंक	96.16	77.21	394.91	341.66
निवल	**निरंक**		**जमा 18.95**		**जमा 53.25**	
8782–नकद प्रेषण –						
102–लोक निर्माण प्रेषण	1,24,873.37	1,21,170.94	1,42,048.94	1,38,040.17	1,57,465.68	1,52,426.98
निवल	**जमा 3,702.43**		**जमा 4,008.77**		**जमा 5,038.70**	
103–वन प्रेषण	4,605.34	4,483.09	4,607.38	4,492.03	4,572.31	4,499.40
निवल	**जमा 122.26**		**जमा 115.35**		**जमा 72.91**	
110– विविध प्रेषण	7,109.51	8,046.85	7,287.74	8,554.27	7,417.03	8,708.39
निवल	**नामे 937.34**		**नामे 1,266.53**		**नामे 1,291.36**	

अनुलग्नक–ञ

(संदर्भ : कंडिका 6(ग))

दस वर्ष या इससे अधिक की अवधि के ऋणों का विभागवार विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	विभाग	मु.शी.	01 अप्रैल 2010 को शेष	वर्ष के दौरान संवितरण	वर्ष के दौरान पुनर्भुगतान	बट्टे खाते डाले गये अवसूली योग्य ऋण एवं अग्रिम	31 मार्च 2021 को शेष
1.	शिक्षा	6202	1.06	--	--	--	1.06
2.	स्वास्थ्य	6210	0.08	--	--	--	0.08
3.	जलपूर्ति तथा सफाई	6215	30.27	--	--	--	30.27
4.	आवास	6216	12.40	--	--	--	12.40
5.	शहरी विकास	6217	220.53	--	--	--	220.53
6.	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों का कल्याण	6225	7.28	--	--	--	7.28
7.	सामाजिक सुरक्षा	6235	2.56	--	--	--	2.56
8.	अन्य सामाजिक सुरक्षा	6250	0.36	--	--	--	0.36
9.	फसल कृषि कर्म	6401	22.07	--	--	--	22.07
10.	मृदा तथा जल संरक्षण	6402	12.49	--	--	--	12.49
11.	पशुपालन	6403	20.31	--	--	--	20.31
12.	डेयरी विकास	6404	0.20	--	--	--	0.20
13.	मछली पालन	6405	0.00	--	--	--	0.00
14.	वानिकी तथा वन्य जीवन	6406	1.96	--	--	--	1.96
15.	खाद्य भण्डारण तथा भंडागार	6408	11.97	--	--	--	11.97
16.	सहकारिता	6425	59.17	--	--	--	59.17
17.	अन्य कृषि कार्यक्रम	6435	0.08	--	--	--	0.08
18.	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम	6515	1.28	--	--	--	1.28
19.	सिंचाई	6702	0.32	--	--	--	0.32
20.	सिंचाई (बाढ़ नियंत्रण)	6711	10.49	--	--	--	10.49
21.	ग्राम तथा लघु उद्योग	6851	0.57	--	--	--	0.57
22.	उपभोक्ता उद्योग	6860	106.74	--	--	--	106.74
23.	उद्योग तथा खनिज	6885	5.44	--	--	--	5.44
24.	नागर विमानन	7053	0.01	--	--	--	0.01
25.	परिवहन	7075	54.82	--	--	--	54.82
26.	वित्त	7615	0.04	--	--	--	0.04
		योग	582.50	--	--	--	582.50

अनुलग्नक–ट

(संदर्भ : कंडिका 6(ग)–आई.जी.ए.एस.)

स्वायत्त निकायों/पी.एस.यू./प्राधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये ऋण

(₹ करोड़ में)

विभाग	मुख्यशीर्ष	01 अप्रैल 2020 को शेष	वर्ष के दौरान संवितरण	वर्ष के दौरान पुनर्भुगतान	31 मार्च 2021 को शेष
ऊर्जा	6801	32,990.46	215.98	--	33,206.44
उद्योग	6856	2,087.50	250.00	--	2,337.50
		योग	465.98	--	35,543.94

© भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in